# मेवाड़ विश्वविद्यालय में नाटक हब्बा खातून का मंचन

नवज्योति/गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में ड्रामा आर्टिस्ट काजल सूरी के निर्देशन में कश्मीर की प्रेम कथा पर आधारित नाटक हब्बा खातून का मंचन किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने काजल सूरी और उनकी पूरी टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर मेवाड़ इन्स्टीट्यूट गाजियाबाद की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल, विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ला, संयुक्त कुलसचिव एल.एस. रावत, उपकुलपति दीप्ती शास्त्री, डीन एकेडमिक्स डी.के. शर्मा, प्लेसमेन्ट निदेशक हरीश गुरनानी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ईसार अहमद आदि मौजूद रहे।

Dainik Navajyoti 28-05-2022

# प्रेम कथा आधारित 'हब्बा खातून' नाटक का मंचन

गंगरार, 27 मई (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में मशहूर ड्रामा आर्टिस्ट काजल सूरी के निर्देशन में कश्मीर की प्रेम कथा पर आधारित नाटक 'हब्बा खातून' का मंचन किया गया। इस कहानी की रचना और पटकथा काजल सूरी ने किया है। जानकारी के अनुसार रूबरू थियेटर काजल सूरी के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और परम्परागत नाटकों का मंचन पूरे देश में करता रहा है। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने काजल सूरी और उनकी पूरी टीम का स्वागत पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न संस्कृतियों से मिलकर बना है कश्मीर की यह प्रेमकथा पूरे भारत के दिलों की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर मेवाड़ इन्स्टीट्यूट गाजियाबाद की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल, विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ला, संयुक्त कुलसचिव एल.एस. रावत, उपकुलपति डीजी शास्त्री, डीन एकेडमिक्स डीके शर्मा, प्लेसमेन्ट निदेशक हरीश गुरनानी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ईसार अहमद सहित उनकी टीम, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

Jannayak 28-05-2022